राष्ट्र हित   उद्योग हित   श्रमिक हित

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथै:

ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
&
ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

दिनांक: 15-12-2021

General Circular 05/2021

प्रिय सम्मानित साथियों बंधुओं एवं बहनों....
वंदे मातरम.....

दिनांक 16/12/2021 एवं 17/12/2021 को मात्र दो-दिवसीय हड़ताल में
ABOO एवं ABWO (BMS) शामिल नहीं
निजीकरण विषय के विरुद्ध मौलिक समर्थन देते हैं

साथियों आशा है कि आप सभी कुशल मंगल से होंगे| उपरोक्त विषय के संबंध में आप सभी को पुनः सूचित करना है आपके संगठन के द्वारा **भारत सरकार की निजीकरण नीतियों के विरुद्ध भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में एवं आवाहन पर पूरे देश में दिनांक 28-29 october 2021 को राष्ट्रव्यापी आंदोलन "PSU बचाओ देश बचाओ"** पूरे देश में सड़कों पर उतरकर किया गया था जिसमें Aryavart Bank Workers & Officers Organisation के जोशीले कार्यकर्ताओं द्वारा राजधानी लखनऊ की सड़कों पर किलोमीटर लंबा मार्च निकालकर RBI एवं Nabard पर धरना सुबह से रात तक दिया गया था व अपनी आवाज़ भारत सरकार के कानों तक पहुंचाई गयी थी| जहां धरने मात्र कुछ समय या घंटों तक ही सिमित रहते हैं वहीं ABOO ABWO और हमारे राष्ट्रीयकृत बैंक संगठन के सहयोगी साथियों ने अथक, सुबह से रात तक आकाश को सरकार की गलत नीति विरोधी नारों से गुंजायमान रखा जिसकी सूचना आप सभी को प्रिंट मीडिया एवं Social Media के माध्यम से अवश्य मिली होगी|

साथियों चूंकि ग्रामीण बैंक के हमारे राष्ट्रिय संगठन से इन दो दिवसीय हड़तालों के विषय में कोई भी चर्चा नहीं की गयी है अतएव **Aryavart Bank Workers & Officers Organisaiton दिनांक 16 एवं 17 दिसंबर 2021 को प्रस्तावित मात्र दो दिवसीय हड़ताल में शामिल नहीं है| किन्तु हमारे राष्ट्रीय संगठन के साथ चर्चा के माध्यम से हम निजीकरण के विरुद्ध प्रत्येक लड़ाई को अपना मौलिक समर्थन देते हैं, किन्तु मात्र दो दिवसीय हड़तालों को नहीं| हम भारतीय मजदूर संघ के नेत्रत्व में भारत सरकार की इस निजीकरण की नीति के विरुद्ध कड़े संघर्ष हेतु प्रतिबद्ध हैं जो जल्दी ही आप सभी के समक्ष होगा एवं पुनः पूरे जोश के साथ कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे|**

यदि निजीकरण के विरुद्ध कम से कम पुराने रवैये को त्यागकर कम से कम 1 सप्ताह अथवा अनिश्चितकालीन हड़ताल का आवाहन किया जाता है, जिससे सरकार के कान में जूं रेंग सके तो हम सभी बिना कुछ सोचे उस महायज्ञ में कूद पड़ेंगे|

फिलहाल हम दो दिवसीय हड़ताल को निजीकरण विषय के विरुद्ध अपना मौलिक समर्थन देते हैं एवं अपने समस्त साथियों से आग्रह करते हैं कि निजीकरण के विरुद्ध मौलिक समर्थन में निम्न कार्य, दो दिवसों 16-17 दिसंबर 2021 में करें:-

1. **Work to rule (सुबह 10 से शाम 05 बजे तक ही कार्य करें उसके बाद न करें|)**
2. **निजीकरण के विरुद्ध बात है तो इन दो दिवसों में Private Companies की कोई भी बीमा पॉलिसी का व्यवसाय न करें| क्यूंकी यदि ऐसा होता है तो दो विरोधाभासी बातें एक साथ नहीं हो सकती|**

आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना सहित आपके:

[Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

Dream India: Clean India, Green India
(भारत माता की जय)